Annual Report

# Govt.College for Women Gohana

**Presented By :**

**Sh. Virender Dahiya**

**Principal, GCW Gohana**

**Session 2018-19**

# वार्षिक प्रतिवेदन

2018-2019

## विवरण : राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना (सोनीपत)

इस महाविद्यालय की स्थापना सन् 1966 में "Haryana War Heroes Memorial College" के रूप में हुई। 12 फरवरी 1981 को हरियाणा सरकार ने इस महाविद्यालय का अधिग्रहण किया। 2009–10 से महाविद्यालय में एम0 कॉम0 कक्षाएँ प्रारंभ हाने से महाविद्यालय को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का दर्जा मिला। शैक्षणिक सत्र 2017–18 से इस महाविद्यालय में केवल लड़कियों को प्रवेश दिया जाने लगा। अतः महाविद्यालय का नाम 'राजकीय महिला महाविद्यालय' हो गया। यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा की इच्छुक, ग्रामीण परिवेश की छात्राओं को उत्तम एवं उपयोगी अवसर प्रदान कर रहा है। यह गोहाना उपमण्डल के लिए गौरव की बात है।

### महाविद्यालय परिवार :

इस सत्र में महाविद्यालय में कुल 2146 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तीनों संकाय है। जिनमें 235 छात्र एवं 1911 छात्राएँ हैं। यहां शिक्षकों के 60 पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में 34 नियमित और 23 अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। नियमित शिक्षकों में से 26 सहायक प्राध्यापक एवं 8 सह–प्राध्यापक है। कर्मचारी वर्ग में 2 सहायक, 1 स्टैनों टाईपिस्ट, 2 लिपिक 2 जे0एल0ऐ0, 7 एल0ए0, 1 रैस्टोरर, 2 सुख–सहायक, 2 माली, 2 चौकीदार एवं 2 सफाई कर्मचारी वर्तमान में कार्यरत हैं।

# वार्षिक प्रतिवेदन (विज्ञान विभाग)

महाविद्यालय में 08–02–2019 को पाँच विभिन्न विषयों में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए। प्रत्यके विषय के विजेता दल ने ताउ देवी लाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल (सोनीपत) द्वारा आयोजित, जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभागिता की।

**वार्षिक परीक्षा परिणाम :**

महाविद्यालय के सत्र 2017–18 के वार्षिक परीक्षा परिणाम महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के पास प्रतिशत से उत्तम रहे।

<u>शैक्षणिक उपलब्धियाँ:–</u>

मई, 2018 की परीक्षा के परिणाम में राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना के कला संकाय के 31 छात्र–छात्राओं ने अच्छे अंक लेकर महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा जारी की गई टॉप 50 मेधावी छात्रों की लिस्ट में स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय के 17 छात्र–छात्राओं ने भी टॉप 50 में स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार विज्ञान संकाय के 9 छात्र–छात्राओं ने भी टॉप 50 में स्थान हासिल कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस प्रकार तीनों संकायों के 57 छात्र–छात्राओं ने विश्वविद्यालय में टॉप 50 छात्रों की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय की शान को बढाया है।

- स्नातकोत्तर की वाणिज्य विषय की छात्रा अनु की उपलब्धि महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों में सर्वश्रेष्ठ रही है। अनु सुपुत्री श्री विजय कुमार, M.Com (F) ने 1755/2150 अंक प्राप्त करके विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

क्रीड़ा जगत :

महाविद्यालय में इस समय शारीरिक शिक्षा का कोई भी प्राध्यापक न होने के कारण यह जिम्मेदारी पिछले 12 साल से श्री पवन लठवाल, सह–प्राध्यापक (इतिहास) समाले हुए है। महाविद्यालय में खेल का मैदान न होते हुए भी हर वर्ष की तरह वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 2–3 नवम्बर, 2018 को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता करवाई गई जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि, राजकीय महाविद्यालय, बहादुरगढ़ के प्राचार्य डॉ0 जे0 पी0 कौशिक ने किया और समापन एवं पारितोषिक वितरण समारोह में डॉ0 राजेश शर्मा, सहायक प्राध्यापक, राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा मुख्य अतिथि रहे।

दो दिन तक चलने वाली इस खेल–कूद प्रतियोगिता में 108 छात्र–छात्राओं ने 12 विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभागिता की Best Athlete (Girl) का पुरस्कार बी0 ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा ललिता ने प्राप्त किया और Best Athlete (Boys) का पुरस्कार बी0 ए0 तृतीयं वर्ष के ही छात्र दिलावर ने प्राप्त किया। महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा के शिक्षक न होने पर भी श्री पवन लठवाल जी के प्रयास से वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता का सफल और सुन्दर आयोजन किया गया। । विश्वविद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय ने बडे स्तर पर भाग लिया और अच्छा प्रर्दशन किया।

बी0 ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा पूजा ने Power Lifting Inter College Competition में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बी0 ए0 तृतीय वर्ष के छात्र अनीश ने All India Inter University की कराटे प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सांस्कृतिक गतिविधियाँः—

21—22 सितम्बर 2018 को राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में प्रतिभा खोज समारोह 'इन्द्रधनुष' का सफल आयोजन किया गया। इस समारोह में भाषण, कविता पाठ, श्लोकोच्चारण, एकल गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं में छात्र—छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम, अंकिता ने द्वितीय और मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोकोच्चारण में मुस्कान प्रथम, रेणू द्वितीय और सोमी तृतीय स्थान पर रही। एकल नृत्य में अनुराधा प्रथम स्थान, तमन्ना द्वितीय और गौरव तृतीय स्थान पर रहे। एकल गायन में मुस्कान ने प्रथम, आशीष ने द्वितीय और शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में स्विटी ने प्रथम, शिखा ने द्वितीय और अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्टूनिंग में राहूल ने प्रथम, अंकित ने द्वितीय और स्विटी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऑन द स्पॉट पेंन्टिग में शिखा ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय और अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य (Western) में शुभम ने प्रथम और काजल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 वी0 के0 दहिया जी ने की।

महाविद्यालय ने महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के वार्षिक क्षेत्रीय युवा समारोह 2018—19 में भाग लिया। यह समारोह 28.10.2018 से 30.10.2018 तक हिन्दू महाविद्यालय, सोनीपत में आयोजित किया गया। इस समारोह में 11 छात्र—छात्राओं ने काव्य—पाठ, वाद—विवाद, पोस्टर मेकिंग, ऑन द स्पॉट पेंन्टिग, रंगोली, क्ले मॉडलिंग, प्रश्नोतरी श्लोकोच्चारण आदि प्रतियोगिताओं में अपनी प्रस्तुति दी। इस क्षेत्रीय युवा समारोह में Best out of Waste में सुशील B.Sc III ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुशील ने ही फोटोग्राफी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिखा B.Com III ने ऑन द स्पॉट पेंन्टिग में तृतीय स्थान एवं

कार्टूनिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य छात्र–छात्राओं का प्रदर्शन भी प्रशंसनीय रहा।

3. 10–12 नवम्बर, 2018 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित अन्तर्क्षेत्रीय युवा समारोह 2018–19 में महाविद्यालय के छात्र सुशील B.Sc III ने Best Out of Waste और फोटोग्राफी में भाग लिया। महाविद्यालय की ही छात्रा शिखा B.Com III ने ऑन द स्पाट पेंन्टिग और कार्टूनिंग में भाग लिया। समारोह में छात्रों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना :

राजकीय महाविद्यालय में एन0 एस0 एस0 की दो यूनिट है। एक Boys और एक यूनिट Girls की है। Boys यूनिट डॉ0 राजेश सिवाच, सहायक प्राध्यापक, (रसायन विज्ञान) और Girls यूनिट श्रीमती नेहा, सहायक प्राध्यापिका (वाणिज्य विभाग) के निर्देशन में कार्य कर रही है। दिनांक 05.11.2018 को महाविद्यालय में स्वयंसेवकों ने एक दिवसीय शिविर में भाग लिया। इस शिविर में महाविद्यालय परिसर एवं आस–पास के क्षेत्र की सफाई की गई। दिनांक 30.11.2018 को महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। दिनांक 2–8 फरवरी 2019 तक न्यात बस्ती में आयोजित सात दिवसीय शिविर में स्वयेंसेवकों ने भाग लिया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सामान्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना था। महाविद्यालय में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों जैसेः– वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता, जिला स्तरीय विधि साक्षरता प्रतियोगिता, वार्षिक समारोह इत्यादि में स्वयंसेवकों ने पूर्ण सहयोग दिया।

**एन0सी0सी0 :**

महाविद्यालय में इस समय NCC को दो यूनिट है जिसमें छात्रों के प्रभारी श्री शमशेर सिहं भण्डेरी व छात्राओं की प्रभारी सीमा देवी, सहायक प्राध्यापिका (वनस्पति विज्ञान) है। महाविद्यालय के छात्राओं ने इस शैक्षणिक सत्र में पाँच बार CATC Camp में प्रतिभागिता की। B.A III की छात्रा अंजु ने 7–16 सितम्बर, 2018 तक रोपड़ में आयोजित TSC Camp तथा रोपड़ में ही आयोजित शूटिंग कैम्प में प्रतिभागिता की। महाविद्यालय की 20 कैडेट (Girls) ने C Certificate के लिए परीक्षा दी और B Certificate के लिए 25 छात्रों ने परीक्षा दी। 15 अगस्त 2018 को गोहाना के ताउ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित स्वतन्त्रता दिवस की परेड में NCC की कैडेट (Girls) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 26 जनवरी 2019 को गोहाना के ताउ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस की परेड में NCC की कैडेट (Girls) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**महिला प्रकोष्ठ :**

राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सत्र 2018–19 में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:–

- दिनांक 23.08.2018 को रक्षा बंधन के पावन अवसर पर मेंहदी प्रतियोगिता, नारा लेखन एवं विभिन्न मुद्दों पर सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया।
- दिनांक 08.03.2019 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने कन्या भ्रूण हत्या, महिलाओं के प्रति हिंसा एवं महिला सशक्तिकरण पर विचार प्रकट किए।

**रैडक्रॉस एवं प्राथमिक चिकित्सा :**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए एक रैडक्रॉस एवं प्राथमिक चिकित्सा प्रकोष्ठ, श्रीमती ललिता रानी, सहायक प्राध्यापिका (वाणिज्य विभाग) की देखरेख में कार्यरत है। दिनांक 26.07.2019 युवा रैड क्रॉस के अन्तर्गत महाविद्यालय के 10 छात्रों और एक काउन्सलर ने छोटू राम धर्मशाला में आयोजित होने वाले एक दिन के सेमिनार में प्रतिभागिता की। इस सेमिनार में स्वीटी, B.Sc III ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दिनांक 21.11.2018 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित Orientation Course में वाणिज्य विभाग की सहायक आचार्या ललिता रानी ने प्रतिभागिता की।

गीता विद्या मन्दिर कन्या महाविद्यालय, सोनीपत द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय 12.02.2019 से 16.02.2019 तक Youth Red Cross Training Competition में महाविद्यालय की एक Counsellor और 8 छात्रों ने प्रतिभागिता की। इस कैंप में समूह नृत्य प्रतियोगिता में शुभम, गौरव जैन और सोनू ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला 'स्वास्थ्य और स्वच्छता' में महाविद्यालय के 5 छात्रों और एक Counsellor ने प्रतिभागिता की।

**Placement Cell :**

महाविद्यालय के 60 विद्यार्थियों ने पलेसमैन्ट विभाग के अर्न्तगत पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में आयोजित दिनांक 28–31 जनवरी, 2018 Training-cum- Job Fair में भाग लिया जिसमें हमारे महाविद्यालय के 15 विद्यार्थियों

का चयन हुआ। रिलायंस जियो के द्वारा आयोजित प्लैसमैंट कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 9 छात्रों का चयन किया गया। इस समय महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयार करने के लिए कुल 500 पुस्तके उपलब्ध हैं। महाविद्यालय के प्लैसमैंट विभाग डॉ0 संदीप चोपड़ा, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग की देख–रेख में अच्छा कार्य कर रहा है।

### कष्ट निवारण प्रकोष्ठ :

महाविद्यालय में समय समय पर विद्यार्थियों को आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए कष्ट निवारण प्रकोष्ठ सुचारू रूप से कार्यरत हैं। श्रीमती बिमला पूनिया जी के निर्देशन में यह प्रकोष्ठ अच्छा कार्य कर रहा है।

### महाविद्यालय पत्रिका :

विद्यार्थियों की लेखन प्रतिभा को विकसित व प्रोत्साहित करने के लिए वार्षिक पत्रिका "भैरवी" का प्रकाशन होता है। जिसमें छात्र–छात्राऐं कविता, कहानियॉ, प्रेरक प्रसंग व ज्ञानवर्द्धक सामग्री देते हैं। पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ0 डी0 सी0 स्पाह, सह आचार्य, रसायन विज्ञान हैं। अंग्रेजी खंड के संपादक श्री अम्बरीश अत्री, हिन्दी खंड की संपादिका श्रीमती संतोष, संस्कृत खण्ड के संपादक डॉ0 संजीव कुमार, वाणिज्य खंड के संपादक डॉ0 सतीश खासा एवं विज्ञान खंड के संपादक डॉ0 डी0 सी0 स्पाह हैं।

### विधि साक्षरता प्रकोष्ठ :

हरियाणा राज्य विधि सेवा प्राधिकरण एवं उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के सौजन्य से हमारे महाविद्यालय में विधि साक्षरता प्रकोष्ठ (Legal Literacy Cell) स्थापित है। इस सत्र में इस प्रकोष्ठ ने छात्र तथा छात्राओं को अपने अधिकारों की जानकारी

तथा भविष्य में आने वाली बाधाओं का कानूनी निपटारण संबंधी मार्गदर्शन किया। इसमें महाविद्यालय स्तर के साथ–साथ जिला स्तर के प्रोग्राम के लिए राजकीय महाविद्यालय गोहाना को चुना गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 15.02.2019 को राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में महाविद्यालय स्तरीय कानूनी साक्षरता कार्यक्रम (College Level Legal Literacy Programme) के अन्तर्गत 10 प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने काव्य–पाठ, भाषण, वाद–विवाद, प्रश्नोतरी इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोतरी में पवन, नवीन और पिंकी के दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबन्ध लेखन में राखी प्रथम स्थान और पूजा द्वितीय स्थान पर रही। ऑन द स्पाट पेंन्टिग में शिखा प्रथम, राहुल द्वितीय और अंकित तृतीय स्थान पर रहे। डाक्यूमैंट्री फिल्म में साहिल प्रथम और मुस्कान द्वितीय स्थान पर रहे।

18.02.2019 को महाविद्यालय में जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता कार्यक्रम (Legal Literacy Programme) के अन्तर्गत 10 प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में सोनीपत जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के अनके छात्रों ने भाग लिया। महाविद्यालय की छात्रा राखी, बी0 ए0 प्रथम वर्ष ने इस कार्यक्रम की निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संजू कश्यप, बी0 कॉम0 तृतीय ने स्लोग्न राईटिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंकिता, बी0 एस0 सी0 द्वितीय और रेणू बी0 एस0 सी0 तृतीय ने वाद–विवाद प्रतिस्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। डाक्यूमैंट्री फिल्म में बी0 एस0 सी0 द्वितीय की छात्रा मुस्कान प्रथम स्थान रही। प्रश्नोतरी प्रतिस्पर्धा में B.Sc III के छात्र पवन, नवीन और पिंकी की टीम प्रथम स्थान पर रही। काव्य पाठ में प्रथम स्थान पर रही। काव्य पाठ में प्रथम स्थान पर रेणू B.Sc III और द्वितीय स्थान पर मुस्कान, बी0 एस0 सी0

द्वितीय रही। अन्य छात्र–छात्राओं ने भी प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ० वी० के० दहिया जी ने की।

दिनांक 16.03.2019 को राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना के 8 आठ छात्रों ने पंडित नेकी राम शर्मा महाविद्यालय, रोहतक में आयोजित मण्डल स्तरीय कानूनी साक्षरता (Divisional Level Legal Literacy) की अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मण्डल स्तरीय इस कार्यक्रम में वाद–विवाद प्रतियोगिता में बी० एस० सी० द्वितीय की छात्रा अंकिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाद–विवाद प्रतियोगिता में ही B.Sc III की छात्रा रेणू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार अंकिता और रेणू ने पंचकूला में आयोजित होने वाल राज्य स्तरीय कानूनी साक्षरता (State Level Legal ) प्रतियागिताओं में पहली बार महाविद्यालय की प्रविष्टि को सुनिश्चित किया। दिनांक 9.4.2019 को राजकीय महाविद्यालय, सैक्टर–1, पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कानूनी साक्षरता (State Level Legal Literacy) वाद–विवाद प्रतियोगिता में महाविद्यालय की अंकिता, B.Sc II और रेणू B.Sc III इन दो छात्राओं ने प्रतिभागिता की। इस समारोह में अंकिता B.Sc II ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय की सांस्कृतिक उपलब्धियों में यह सबसे सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है। विधि साक्षरता प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ सजीव कुमार है।

**पूर्व विद्यार्थी / अभिभावक परिक्षद :**

महाविद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों का महाविद्यालय से भावनात्मक संबंध बनाये रखने के लिए डॉ० वी० के० दहिया जी की देख–रेख में एक परिषद गठित है। यह परिषद पूर्व विद्यार्थियों के सम्पर्क में रहता है। भारतीय संस्कृति की गुरु–शिष्य परंपरा को सुदृढ करने में इस परिषद का महत्त्वपूर्ण योगदान है।

## पढाई के साथ कमाई (Earn While You Learn) :

हरियाणा सरकार द्वारा Earn While You Learn Scheme के अन्तर्गत 160,000 रूपए प्राप्त हुए। विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ–साथ कार्य भावना जागृत करने के लिए महाविद्यालय के 40 विद्यार्थियों का चयन साक्षात्कार के द्वारा किया गया तथा इन्होंने महाविद्यालय के कार्यालय, पुस्तकालय एवं विभिन्न विभागों की प्रयोगशालाओं में कार्य किया व साथ ही कमाई भी की।

## छात्रवृत्ति एवं अन्य सहायता :

इस वर्ष हरियाणा सरकार द्वारा महाविद्यालय के अनेक छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियाँ प्रदान की गई। जिनका वर्णन इस प्रकार है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | स्टेट मैरिट स्कॉलरशिप | – | 10 |
| 2. | हरियाणा स्टेट मैरिटोरियस इन्सेन्टिव स्कॉलरशिप | – | 11 |
| 3. | एस0 सी0 छात्रवृति | – | 433 |
| 4. | बी0 सी0 छांत्रवृति | – | 80 |
| 5. | स्वन्तत्रता सेनानी की तीसरी पीढ़ी के लिए छात्रवृति | – | 4 |

## शैक्षणिक भ्रमण :

## Sexual Harassment at Workplace:

महाविद्यालय में महिला कर्मचारियों व विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए एक कमेटी गठित की गई है जिसके संयोजिका श्रीमती बिमला पुनिया जी हैं।

## RTI :

महाविद्यालय में RTI Act 2005 के तहत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए Information Officer डॉ0 डी0 सी0 स्पाह है 1st Appellate अधिकारी श्री वी0 के0 दहिया, प्राचार्य हैं।

**Red Ribbon Club :**

दिनांक 1 दिसम्बर 2018 को रैड रिबन क्लब के द्वारा, संयोजिका श्रीमती ललिता रानी, सहायक प्राध्यापिका (वाणिज्य विभाग) के निर्देशन विश्व एड्स दिवस आयोजित किया गया।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में दिनांक 11.01.2019 में महाविद्यालय की तीन स्वयंसेविकाओं और एक Counsellor ने प्रतिभागिता की।

**College Electoral Club :**

श्री पवन लठवाल सह–सहायक आचार्य इतिहास विभाग ने नोडल अधिकारी की हैसियत से 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र एवं छात्राओं की वोट बनवाने का कार्य सफलतापूर्वक किया। BA III के छात्र अक्षय ने College Electoral Club के अर्न्तगत महाविद्यालय के Ambessdor भी है, माननीय उपायुक्त सोनीपत के साथ मतदाता जागरूकता के विषय में मिटिंग में भाग लिया।

**महाविद्यालय की उपलब्धियॉं :**

- महाविद्यालय में हर वर्ष की तरह 26 जनवरी व 15 अगस्त के दिन गणतन्त्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस मनाया गया जिसमें सभी कर्मचारियों, अधिकारियों व विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- 20 लाख की अनुदान राशि महाविद्यालय की Boys Wing के नए Toilets और साईकिल स्टैंड पर छत के लिए प्राप्त हुई है। शीघ्र ही यह कार्य शुरू हो जाएगा।

- 19,94000 की अनुदान राशि Girls Wing के जीर्णोदार के लिए प्राप्त हो चुकी है। शीघ्र ही यह कार्य शुरू हो जाएगा।

**शिक्षकों की उपलब्धियाँ :**

महाविद्यालय के सहायक एवं सह–आचार्य समय–समय पर अपना ज्ञान वर्धन हेतु पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, शोध–संगोष्ठी, कार्यशाला आदि में प्रशिक्षण लेते रहते हैं। इस सत्र में जिन सहायक एवं सह–आचार्यो ने उपलब्धियाँ प्राप्त की वे इस प्रकार हैं :

1. डॉ0 डी. सी. स्पाह, सह प्राध्यापक (रसायन विभाग) ने राजकीय महाविद्यालय, अम्बाला और राजकीय कन्या महाविद्यालय, सैक्टर–14 गुरूग्राम में क्षेत्रीय विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिताओं का संचालन किया। इसके अतिरिक्त इन्होनें हिन्दु बाल महाविद्यालय, सोनीपत राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोतरी में क्वीज मास्टर के रूप में कार्य किया।
2. वाणिज्य विभाग के सह–प्राचार्य डॉ0 सतीश खासा ने Gaur Brahman Degree College, Rohtak और Hindu College, Sonipat द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठियों में शोध पत्र प्रस्तुत किए।
3. संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 संजीव कुमार ने राजीव गाँधी राजकीय महाविद्यालय, साहा एवं इंदिरा गाँधी महाविद्यालय, लाडवा में आयोजित राष्ट्रीय संस्कृत संगोष्ठियों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त महर्षि दयानन्द विश्वविद्याल, रोहतक में स्थापित महर्षि वाल्मीकि शोध पीठ के तत्वाधान में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

4. रसायन विभाग की सहायक प्राध्यापिका रेखा देवी ने 18 मार्च 2019 को पी0 एच0 डी0 की उपाधि प्राप्त की। रेखा देवी के Journal of Molecular Liquids अन्तर्राष्ट्रीय शोध प्रत्रिका में दो शोध पत्र और Asian Journal of Chemistry अन्तर्राष्ट्रीय शोध प्रत्रिका में एक शोध पत्र प्रकाशित हुआ।
5. देवेन्द्र सिंह, सहायक आचार्य (रसायन विभाग) ने GVM College, Sonipat द्वारा आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार में प्रतिभागिता की। इसके अतिरिक्त मार्च 2019 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित Annual Refresher Programme in Teaching सफलतापूर्वक पूरा किया।
6. लक्ष्मण, सहायक आचार्य (गणित विभाग) ने 13.11.2018 से 11.12.2018 तक भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में Orientation Programme सफलतापूर्वक पूरा किया। इसी विश्वविद्यालय में आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला Awareness, Prevention & Prohibition of Sexual Harassment in Universities में 26.11.2018 को भाग लिया।

आभार :

इसके अतिरिक्त मैं आज के इस समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, सभी छायाकार, पत्रकार बन्धुओं एवं गोहाना के नागरिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ जिन्होंनें यहाँ पधार कर हमें धन्य किया।

धन्यवाद! Vk 31/05/19

श्री वी0 के0 दहिया

एच0ई0एस0–1

प्राचार्य

राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना (सोनीपत)